न्यायालय–नीरज कुमार त्यागी, अवर न्यायाधीश, नरकटियागंज
बंटवारा वाद सं0–75/1997

CIS NO. PS-168/2018

रणेन्द्र किशोर उर्फ गुलाब बाबु..वादी

बनाम

कृपेन्द्र किशोर एवं अन्य..प्रतिवादीगण

DATE	ORDER	REMARKS
20.02.2024	उभय पक्षों की ओर से पैरवी है। अभिलेख आज वादी की ओर से दाखिल आवेदन दिनांक 30.11.2023 अंतर्गत आदेश 22 नियम 4 व्यवहार प्रक्रिया संहिता पर सुनवाई एवं आदेश हेतु नियत है। **आदेश (ORDER)** वादी का अपने आवेदन में कहना है कि प्रस्तुत वाद के प्रतिवादी सं0–04 देवपति देवी की मृत्यु दिनांक 13.11.2023 को हो गई है तथा प्रस्तुत वाद में मृत प्रतिवादी सं0–04 देवपति देवी के विधिक वारिसान पूर्व से प्रस्तुत वाद में पक्षकार है। अतः वादपत्र से मृत प्रतिवादी सं0–04 देवपति देवी का नाम कलमजद करने की कृपा करें। प्रतिवादीगण की ओर से वादी के आवेदन का मौखिक विरोध किया गया तथा आवेदन खारिज योग्य बताया गया। उभय पक्षों के विद्वान अधिवक्तागण को सुना। अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख अवलोकन से विदित होता है कि प्रस्तुत वाद के प्रतिवादी सं0–04 देवपति देवी की मृत्यु हो गई है जिसे प्रतिवादीगण भी स्वीकार करते है। प्रस्तुत आवेदन समय सीमा से दाखिल किया गया है। वादी के द्वारा अपने आवेदन के समर्थन में शपथपत्र दाखिल किया गया है। अतः न्यायहित में वादी का आवेदन स्वीकार किया जाता है तथा कार्यालय लिपिक को निर्देश दिया जाता है कि वह वादपत्र से मृत प्रतिवादी सं0–04 देवपति देवी का नाम कलमजद करें। वाद दिनांक 19.03.2024 को बहस हेतु नियत। लेखापित अवर न्यायाधीश नरकटियागंज	